TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

03 नवंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हमें जीवन में कभी हताश नहीं होना

चाहिए निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए ।

मौलाना अबुल कलाम आजाद



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

3 नवंबर


## मधु प्रिया

# अन्नपूर्णा महाराणा का जन्म 3 नवंबर



अन्नपूर्णा महाराणा का जन्म 3 नवंबर 1917 को ओडिशा में राम देवी और गोपाबंधू चौधरी के दूसरे बच्चे के रूप में हुआ था। उनके दोनों माता-पिता भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। इन्होंने चौदह वर्ष की उम्र से ही स्वतंत्रता के लिए सक्रिय रूप से प्रचार करना शुरू किया, और महात्मा गांधी की समर्थक बन गई। 1934 में, वह महात्मा गांधी के पुरी से भद्रक तक के "हरिजन पड़ा यात्रा" रैली में ओडिशा से जुड़ गईं। अगस्त 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन, सविनय अवज्ञा अभियान के दौरान सहित महाराणा को कई बार गिरफ्तार किया गया था। स्वतंत्रता के बाद, महाराणा ने भारत में महिलाओं और बच्चों की ओर से आवाज बनी। उन्होंने क्षेत्र की जनजातीय आबादी के बच्चों के लिए ओडिशा के रायगडा जिले में एक स्कूल खोला। महाराणा, विनोबा भावे द्वारा शुरू किया गये भूदान आन्दोलन, या भूमि उपहार आंदोलन का भी हिस्सा बनी। उन्होंने चंबल घाटी के सक्रिय डकैतो को मुख्य धारा में लौटने के लिए अभियान चलाया। आपातकाल के दौरान उन्होंने रामदेवी चौधरी के ग्राम सेवा प्रेस द्वारा प्रकाशित अख़बार की मदद से विरोध जताया। सरकार द्वारा समाचार पत्र पर प्रतिबंध लगा कर रामदेवी चौधरी और उड़ीसा के अन्य नेताओं जैसे नाबक्रुश्ना चौधरी, हरिकेष्णा महाबत, मनमोहन चौधरी, जयकृष्ण मोहंती और अन्य के साथ उन्हें गिरफ्तार किया गया था। ओडिशा के केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 19 अगस्त 2012 को अपने कटक घर में आयोजित एक समारोह में महाराणा को ऑनोरिस कौसा (मानद उपाधि) से सम्मानित किया। 31 दिसंबर 2012 को, 96 वर्ष की उम्र में बखराबाद, कटक, ओडिशा के अपने घर पर लंबी बीमारियों जुझने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। । 2 जनवरी 2012 को कटक के खन्नागर श्मशान में उन्हें सम्मान के साथ उनका दाह-संस्कार किया गया। ओडिशा के राज्यपाल मुरलीधर चंद्रकांत भंडारी और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उनकी मृत्यु को भारत और ओडिशा की "अपूरणीय हानि" के रूप में वर्णित किया था।

# जन्मदिन विशेष 03 नवंबर



विश्व के महान अर्थशास्त्रियों में शुमार,
नोबेल पुरस्कार विजेता तथा जन कल्याणकारी
अर्थशास्त्र की अवधारणा देने वाले

## अमर्त्य सेन

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

अमर्त्य सेन ( जन्म: **03** नवंबर **1933** ) अर्थशास्त्री हैं, उन्हें **1998** में अर्थशास्त्र के नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संप्रति वे हार्वड विश्वविद्यालय (अमरीका ) हार्वड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक थे। वे जादवपुर विश्वविद्यालय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकानामिक्स और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी शिक्षक रहे हैं। सेन ने एमआईटी, स्टैनफोर्ड, कॉर्नेल और बेर्केलेय विश्वविद्यालयों में अतिथि अध्यापक के रूप में भी शिक्षण किया है।


राकेश कुमार



# बॉल के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी टी-20 हार

| खिलाफ | मैदान | साल | बॉल |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | मेलबर्न | 2008 | 52 |
| ऑस्ट्रेलिया | मेलबर्न | 2025 | 40 |
| श्रीलंका | कोलंबो (RPS) | 2021 | 33 |
| न्यूज़ीलैंड | दुबई | 2021 | 33 |
| ऑस्ट्रेलिया | कोलंबो (RPS) | 2012 | 31 |

# Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.11.2025

## "बोधगम्य योग्यताएं"

"बोधगम्य योग्यताएं" **(Cognitive Abilities)** का तात्पर्य किसी व्यक्ति की मानसिक रूप से किसी विषय को समझने, सीखने, सोचने, तर्क करने, विश्लेषण करने और जानकारी को संसाधित **(process)** करने की क्षमताओं से है। ये योग्यताएं व्यक्ति की समझ के स्तर और किसी स्थिति पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता को दर्शाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



पुणे की 32 वर्षीय महिला डायना पुंडोले (Diana Pundole) इतिहास रचने जा रही हैं। वो पहली भारतीय महिला बनेंगी जो Ferrari के साथ किसी इंटरनेशनल मोटरस्पोर्ट चैंपियनशिप में रेस करेंगी।

# पद्य पंकज

"

आंधी आई जोर शोर से,
डाले टूटी है झकोर से,
उडा घोंसला अंडे फूटे,
किसके दुखू की बात  कहेगी,
अब ये चिड़िया कहा रहेगी ?

**महादेवी वर्मा**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ICC
WOMEN'S CRICKET
WORLD CUP
INDIA 2025
CHAMPIONS
ICC WOMEN'S CRICKET WORLD CUP 2025
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित भारतीय फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता

## पृथ्वीराज कपूर

की जयंती पर नमन।

जन्म- 3 नवम्बर 1906
मृत्यु- 29 मई 1972

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


जयंती पर नमन
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
स्वतंत्रता सेनानी
अन्नपूर्णा महाराणा
जन्म- 3 नवंबर 1917
मृत्यु - 31 दिसंबर 2012
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

HAPPY BIRTHDAY



# अमर्त्य सेन

## जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

**3 नवंबर 1933**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya